# मन में जप श्री राम रे बन्दे | By Mukesh Bagda

मन में जप श्री राम रे बन्दे
रोज़ सुबह और शाम
ये हनुमत का कहना
लेले जो ये नाम
प्रभु जी उसके बनाये काम
ये हनुमत का कहना
मन में जप श्री राम.........

शबरी की भक्ति न्यारी
तरसे दरश को बेचारी
राम खुद ही आ गए
देख मनुहार को
शबरी के प्यार को
झूठे बेर खा गए
जपति जपती राम राम
वो पहुंची उनके धाम
ये हनुमत का कहना
मन में जप श्री राम.........

नल नील दोनों भाई
ऐसी एक शक्ति पाई
करिश्मा दिखा दिया
पत्थर पे भारी अजूबे
फेंके पानी में ना डूबे
पुल ही बना दिया
रहे पत्तर ना वो आम
के उन पर लिख दिया था श्री राम
ये हनुमत का कहना
मन में जप श्री राम.........

विभीषण का भाग्य जगाया
सुग्रीव मित्र बनाया
ये तो सभी जाने हैं
नाम की है महिमा भारी
राम की है महिमा सारी
देव भी ये माने है
सौंप दे जीवन आज के पन्ना
गिरे तो ले तुझे थाम
ये हनुमत का कहना
मन में जप श्री राम.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%9c%e0%a4%aa-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a5%87-by/